

पांचवां संस्करण, पिछले चार संस्करणों में देखने को मिले क्रिकेट के स्तर में सुधार के सिलसिले को आगे बढ़ाएगा। **-ग्रीम स्मिथ**

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज, टी-20 लीग को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



दीप्ति शर्मा

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अक्टूबर महीने के लिए महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के नामांकित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। महिला वर्ग में भारत की अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, बांग्लादेश की बल्लेबाज शोभना मोस्तरी और ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को जगह मिली है। तीनों खिलाड़ियों ने अक्टूबर में बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीमों की सफलता में अहम योगदान दिया। दीप्ति शर्मा भारतीय टीम की अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के लिए अक्टूबर का महीना शानदार रहा।

क्या आप जानते हैं ?... भारत के नाम टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में किसी पूर्ण सदस्य टीम द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर 297/6 (12 अक्टूबर 2024 को) दर्ज है।

तन्मय और साद के अर्धशतकों से नेशनल क्रिकेट एकेडमी जीती

जयपुर, 5 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने कल्बेलिया क्रिकेट एकेडमी को 78 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 216 रन बनाए। तनमय सांखला ने मात्र 18 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्कों की मदद से 65 रन, जबकि मोहम्मद साद ने 33 गेंदों पर 3 चौके और 8 छक्कों की मदद से 72 रन की शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं। दिव्यांश ने 30 और विजय चौधरी ने 26 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कल्बेलिया क्रिकेट एकेडमी की टीम 18.3 ओवर में 138 रन पर सिमट गई। अर्थ अग्रवाल ने 37 और हर्षित कुमावत ने 36 रन बनाए। नेशनल क्रिकेट एकेडमी की ओर से सौरभ सिंह शेखावत ने 17 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। पार्थ शर्मा ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तन्मय सांखला को दिया गया।

राजस्थान की जूनियर कबड्डी टीम ने रचा इतिहास, हरियाणा को हराकर जीता स्वर्ण पदक



जयपुर, 5 नवंबर। पटना (बिहार) के पाटलिपुत्र स्टेडियम में 1 से 4 नवंबर तक आयोजित 52वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में राजस्थान की बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में राजस्थान ने हरियाणा को 50-44 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने बताया कि राजस्थान की टीम ने प्रतियोगिता में शुरुआत से ही दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने पहले मुकाबले में केरल को 54-9 से, उत्तर प्रदेश को 46-34 से और मेजबान बिहार को 52-27 से हराया। सेमीफाइनल में तमिलनाडु को 52-25 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में हरियाणा को रोमांचक संघर्ष में 50-44 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीत लिया। राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। राजस्थान टीम में कप्तान रवि कुमार के साथ राहुल, सचिन, राधेश्याम, दीशांत, प्रवीण, सुनील, पवन, ईशान, अनुज, प्रेमसुख, लोकेश, दीपक और साहिल शामिल थे। टीम के कोच सोहनलाल तथा संदीप ने भी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने एनबी क्रिकेट अकादमी को 104 रन से हराया

जयपुर, 5 नवंबर। यू-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एंनबी क्रिकेट अकादमी को 104 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने 38.4 ओवर में 260 रन बनाकर ऑलआउट हुई। चिंटू यादव ने 83 रन की शानदार पारी खेली, जबकि जय शर्मा ने 29 तथा मोहित शर्मा और विराट ने 27-27 रन बनाए। एंनबी क्रिकेट अकादमी की ओर से पूर्वांश अग्रवाल ने 4 और अनुभव शर्मा ने 3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एंनबी क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित 40 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन ही बना सकी। निवेन राव ने 27 और मेहुल खंडेलवाल ने 26 रन बनाए। आरसीसी की ओर से रेहान लुणावत ने 3 और विराज ने 2 विकेट लिए। शानदार बल्लेबाजी के लिए चिंटू यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

भीलवाड़ा की यशविता मिक्स्ड डबल्स के सेमीफाइनल में



जयपुर, 5 नवंबर। राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर की डीएमआर एकेडमी में आयोजित राजस्थान राज्य सब-जूनियर (अंडर-15) बैडमिंटन चैंपियनशिप में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की यशविता मेवाड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिक्स्ड डबल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यशविता ने आनंद मादेरणा के साथ खेलते हुए राउंड ऑफ-16 में चैतन्य अस्थाना एवं विधि चितले की जोड़ी को 15-6, 15-11 से हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उत्कर्ष सिंह राठौड़ एवं आराध्या धींगरा की जोड़ी को 15-10, 15-12 से पराजित कर अंतिम चार में जगह बनाई। यशविता ने गर्ल्स डबल्स में खुशी शर्मा के साथ भी अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों ने राउंड ऑफ-16 में आरवी सैनी एवं स्वरा टकसाली की जोड़ी को 15-7, 15-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि गर्ल्स सिंगल्स के राउंड ऑफ-16 में यशविता को साक्षी सिंह के खिलाफ 10-15, 9-15 से हार का सामना करना पड़ा।

सैफ चैम्पियनशिप : भारत ने जीत के साथ की शुरुआत, पाकिस्तान को 3-2 से हराया



ढाका, 5 नवंबर। गत चैंपियन भारतीय फुटबॉल टीम ने सैफ चैंपियनशिप 2026 में जीत के साथ अपने अभियान का शुरुआत की है। गुरुवार को बांग्लादेश के ढाका स्थित नेशनल स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-बी के पहले मुकाबले में भारत ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से शिकस्त दी। भारतीय टीम ने पहले हाफ में तीन गोल दागकर मजबूत बढ़त बना ली थी लेकिन पाकिस्तान ने इंजरी टाइम में दो गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। हालांकि, भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की।

मुकाबले की शुरुआत से ही भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाया। 13वें मिनट में सुहैल अहमद भट ने पाकिस्तानी रक्षापंक्ति को भेदते हुए शानदार गोल किया और भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद यानी 19वें मिनट में सुहैल ने एक और गोल दागकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। भारतीय टीम ने आक्रमण जारी रखा और 31वें मिनट में मैंगलेंथांग किपगेन ने बेहतरीन गोल करते हुए स्कोर 3-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम ने खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, भारत अपनी बढ़त में इजाफा नहीं कर सका लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने भी पाकिस्तान को गोल का कोई मौका नहीं दिया। मुकाबले के इंजरी टाइम में पाकिस्तान ने अचानक वापसी की कोशिश की। नजीब उल्लाह ने 90 1वें मिनट में गोल कर पाकिस्तान का खाता खोला। इसके तीन मिनट बाद 90 4वें मिनट में आलमगीर गाजी ने दूसरा गोल दागकर स्कोर 3-2 कर दिया।

लगातार दो गोल खाने के बाद भारतीय खेमे पर दबाव बढ़ गया लेकिन खिलाड़ियों ने संयम बनाए रखा और अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखी। इस तरह भारत ने मुकाबला 3-2 से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम अब अपना अगला मुकाबला 11 नवंबर को ढाका के नेशनल स्टेडियम में मालदीव के खिलाफ खेलेगी। टूर्नामेंट के प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।



भारत ने जापान को 4-1 से हराकर छठी बार जीता खिताब

नई दिल्ली, 5 नवंबर। चैंपियन भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जापान को 4-1 से हराकर खिताबों की हैट्रिक पूरी की और कुल छठी बार यह ट्रॉफी अपने नाम की। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम इससे पहले 2011, 2016, 2018, 2023 और 2024 में भी यह टूर्नामेंट जीत चुकी है। जापान ने तीसरे ही मिनट में काजुमासा मात्सुमोतो के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम को चौंका दिया। इसके बाद भारत ने लय हासिल की। शिलानंद लाकड़ा (42वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से, दिलप्रीत सिंह (48वें मिनट) ने मैदानी गोल और जुगराज ने 53वें मिनट में 'सेट-पीस' के जरिए गोल किए। विवेक सागर प्रसाद ने 54वें मिनट में गोल करके घरेलू टीम के लिए स्कोर 4-1 कर दिया। भारत ने इससे पहले जालंधर के ओलंपियन सुरजीत सिंह स्टेडियम में टूर्नामेंट के राउंड-रॉबिन चरण में भी जापान को 4-1 से हराया था। लेकिन बृहस्पतिवार को जापान ने पहले दो क्वार्टर में भारत को कड़ी टक्कर दी। हालांकि दूसरे हाफ में घरेलू टीम ने जोरदार वापसी की। भारत ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन तीसरे ही मिनट में जापान ने मात्सुमोतो के गोल से बढ़त बना ली। मात्सुमोतो ने 'टोमाहॉक' शॉट से गोल करके ओलंपियन बलबीर सिंह स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को हैरान कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने तेजी दिखाई और कुछ मौके भी बनाए, लेकिन वे उन्हें गोल में बदलने में नाकाम रहे। 53वें मिनट में जुगराज ने भारत के तीसरे पेनल्टी कॉर्नर को सटीक तरीके से गोल में बदलकर बढ़त को और बढ़ा दिया। इसके बाद भारत को रोकना मुश्किल हो गया। लकड़ा के शुरुआती शॉट को जापानी गोलकीपर ने रोक दिया था, लेकिन उसके बाद विवेक ने सर्कल के ऊपर से एक जोरदार हिट लगाकर गोल कर दिया। मैच खत्म होने के ठीक 12 सेकेंड पहले जापान को अपना चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन कप्तान फुजीशिमा का शॉट बाहर चला गया। इस तरह भारत टूर्नामेंट में अजेय बना रहा।

ब्राजील के अंडर-20 फुटबॉल मैच में हिंसक झड़प, रेफरी ने दिखाए 51 रेड कार्ड



नई दिल्ली, 5 नवंबर। ब्राजील में फुटबॉल के मैदान पर ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। अंडर-20 मुकाबले में खिलाड़ियों और अधिकारियों के बीच ऐसी भिड़ंत हुई कि रेफरी को कुल 51 लाल कार्ड दिखाने पड़े।

हालात इतने बिगड़ गए कि मैच को 60 मिनट पूरे होने से पहले ही रद्द करना पड़ा। यह घटना ब्राजील के मिनास गेराइस राज्य में हुई, जहां अंडर-20 कैम्पियोनाटो माइनिरो के दूसरे डिवीजन के सेमीफाइनल में उबरलैंडिया और मामोरे की टीमें आमने-सामने थीं। मुकाबला उबरलैंडिया के घरेलू मैदान एस्टाडियो पारके दो साबिया में खेला जा रहा था। मैच के दूसरे हाफ में 54वें मिनट के आसपास विवाद शुरू हुआ। उस समय मामोरे की टीम 3-1 से आगे चल रही थी। टीम का तीसरा गोल होने के बाद उसके खिलाड़ी डावी ने उबरलैंडिया के स्थानापन्न खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की ओर दौड़कर जश्न मनाया। रेफरी फर्नांडो पैट्रिक ड्रोसघिक मोडेस्टो की रिपोर्ट के मुताबिक, डावी का यह व्यवहार उबरलैंडिया के खेमे को उकसाने वाला लगा। इससे नाराज होकर उबरलैंडिया के गोलकीपर प्रशिक्षक पाउलो सर्जियो डायस दोस सैंटोस मैदान में पहुंच गए और डावी से भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ा कि दोनों टीमों के स्थानापन्न खिलाड़ी, तकनीकी स्टाफ और प्रबंधन से जुड़े लोग भी मैदान में उतर आए। रेफरी और अन्य अधिकारियों के लिए स्थिति संभालना मुश्किल हो गया।

रेफरी की आधिकारिक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस झगड़े में मैदान पर मौजूद 6 गेंद उठाने वाले लड़के भी शामिल हो गए थे। आरोप है कि उन्होंने मामोरे टीम के सदस्यों पर सामान, कुर्सियों और स्ट्रेचर से हमला किया। हालात काबू से बाहर होते देख स्थानीय सैन्य पुलिस को मैदान पर बुलाना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। इस पूरी घटना को शांत कराने और मैदान से लोगों को हटाने में करीब 40 मिनट लग गए। फुटबॉल में खिलाड़ियों के बीच बहस और हाथापाई की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन एक ही मुकाबले में इतनी बड़ी संख्या में लाल कार्ड दिखाया जाना बेहद असामान्य है। इस घटना ने मैदान पर खिलाड़ियों, अधिकारियों और आयोजकों की जिम्मेदारी के साथ-साथ युवा फुटबॉल में अनुशासन और सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

दिग्गज फुटबॉलर रोनाल्डो ने की संन्यास की घोषणा

नई दिल्ली, 5 नवंबर। पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। इसके साथ ही पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के साथ उनका 23 साल का शानदार सफर समाप्त हो गया। इस दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं और खुद को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में स्थापित किया। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। भावुक संदेश में उन्होंने पुर्तगाल के लिए खेलने के अपने अनुभवों को याद किया।

सीएसके और एसआरएच के बीच चार खिलाड़ियों की अदला-बदली

नई दिल्ली, 5 नवंबर। इंडियन प्रीमियर लीग 2027 सीजन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चार खिलाड़ियों को लेकर ट्रेड डील हुई है। इस ट्रेड के तहत इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ गए हैं, जबकि भारतीय तेज गेंदबाज खलील अहमद और ऑस्ट्रेलियाई पेसर नाथन एलिस सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में शामिल हो गए हैं।

राजस्थान में 235 पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरी, 9 बनेंगे डीएसपी

आउट ऑफ टर्न नियुक्तियों को राज्य स्तरीय समिति की मंजूरी, 73 पैरा खिलाड़ी भी शामिल

जयपुर, 5 नवंबर। राजस्थान सरकार ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की दिशा में बड़ा निर्णय किया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय समिति की सातवीं बैठक में 235 सामान्य एवं पैरा पदक विजेता खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में आउट ऑफ टर्न नियुक्तियां देने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें 73 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं। दिसंबर 2023 से अब तक राज्य सरकार 187 खिलाड़ियों को ऐसी नियुक्तियां दे चुकी है। बैठक में खिलाड़ियों के 286 नए आवेदनों पर विचार किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार पदक विजेता खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के अनुरूप सम्मान और रोजगार के अवसर समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे प्रदेश के युवाओं को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने पात्र खिलाड़ियों के खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन, लंबित प्रकरणों और पदस्थापन संबंधी बाधाओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

9 खिलाड़ियों को डीएसपी पद पर नियुक्ति

समिति ने श्रेणी-ए में 9 खिलाड़ियों को पुलिस उप अधीक्षक (डीएसपी) बनाने के प्रस्ताव मंजूर किए। श्रेणी-बी में 2 खिलाड़ियों को आबकारी विभाग में पेट्रोलिंग ऑफिसर ग्रेड-द्वितीय और राजस्थान पुलिस में उप निरीक्षक पद पर नियुक्ति की स्वीकृति दी गई। वहीं, श्रेणी-सी में 224 खिलाड़ियों को लिपिक ग्रेड-द्वितीय, कांस्टेबल, आबकारी सिपाही एवं आबकारी आरक्षक तथा उप जेलर के पदों पर नियुक्ति देने के प्रस्ताव मंजूर किए गए। इनमें 73 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं।

वन विभाग में पदस्थ खिलाड़ियों को भी राहत

बैठक में पूर्व में वन विभाग में नियुक्त खिलाड़ियों की सेवा संबंधी कठिनाइयों और उनके समाधान पर भी चर्चा हुई। इन खिलाड़ियों को नियमों में एकबारीय छूट देने तथा आवश्यकता के अनुसार अन्य विभागों में समायोजित करने पर निर्णय लिया गया। मुख्य सचिव ने खेल विभाग सहित संबंधित विभागों को पदस्थापन और लंबित प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वन आनंद कुमार, युवा मामले एवं खेल प्रवीण गुप्ता, गृह विभाग के भास्कर सावंत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के दिनेश कुमार तथा कार्मिक विभाग की शासन सचिव अर्चना सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सीनियर टी-20 चैलेंजर में टीम बी और टीम ए की जीत, अंडर-19 चैलेंजर में रक्षित श्रीमाल का शतक

अंडर-19 चैलेंजर के पहले दिन यथार्थ भारद्वाज ने भी जड़ा शतक, 3 दिवसीय मुकाबलें में बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 5 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के तत्वावधान में बीसीसीआई सीनियर टी20 ट्रॉफी (सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी) और बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के लिए संभावित खिलाड़ियों के चयन हेतु जयपुर में आयोजित आरसीए सीनियर टी20 चैलेंजर प्रतियोगिता में गुरुवार को टीम बी और टीम ए ने अपने-अपने मुकाबले जीते। वहीं, आरसीए अंडर-19 चैलेंजर (तीन दिवसीय) प्रतियोगिता के पहले दिन रक्षित श्रीमाल और यथार्थ भारद्वाज ने शानदार शतक लगाए।

अंडर-19 चैलेंजरः रक्षित श्रीमाल और यथार्थ भारद्वाज के शतक

तीन दिवसीय अंडर-19 चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले दिन टीम ए ने पहली पारी में 332 रन बनाए। यथार्थ भारद्वाज ने शानदार 116 रन की शतकीय पारी खेली। जफर खान ने 69 और आदित्य भाम्भू ने 51 रन बनाए। टीम एफ की ओर से अथर्व सिंह ने 44 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में टीम एफ ने दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 25 रन बना लिए। टीम डी और टीम सी के बीच खेले जा रहे मुकाबले में टीम डी की पहली पारी 124 रन पर सिमट गई। वंश शर्मा ने 39, गौरव सैनी ने 22 और वर्धान शर्मा ने 20 रन बनाए। टीम सी की ओर से सुमित सैनी और मिरान खान ने 3-3 तथा प्रखर शर्मा ने 2 विकेट लिए। जवाब में



टीम सी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बिना किसी नुकसान के 186 रन बना लिए। रक्षित श्रीमाल ने नाबाद 111 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि वैभव राजपुरोहित 51 रन बनाकर नाबाद रहे। एक अन्य मुकाबले में टीम ई ने पहली पारी में 236 रन बनाए। यश चौधरी ने 68, चेतन कुमार ने 63 और हितेश शेखावत ने 46 रन का योगदान दिया। टीम बी की ओर से सुमित शर्मा ने 37 रन देकर 3 विकेट तथा प्रतीक चौधरी और गुरमन सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में टीम बी ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट पर 127 रन बना लिए। हर्षवर्धन सिंह ने 58 और दर्शन ने 30 रन बनाए। टीम बी पहली पारी के आधार पर अभी 109 रन पीछे है।

सीनियर टी20 चैलेंजरः टीम बी और टीम ए विजयी

सीनियर टी20 चैलेंजर में टीम बी ने टीम डी को 15 रन से हराया। टीम बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 175 रन बनाए। रामनिवास गोलाडा ने 58 और कार्तिकेय चौधरी ने 31 रन बनाए। टीम डी की ओर से नीलेश टांक, सव्य गजराज, दिव्य प्रताप सिंह राजपुरोहित और शुभम सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में टीम डी की टीम 8 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। युवराज सिंह ने 56, दिव्य प्रताप सिंह राजपुरोहित ने 34 और ऋषभ ने नाबाद 23 रन बनाए। टीम बी की ओर से अमन मीणा ने 46 रन देकर 4 विकेट तथा मोहित गुप्ता ने 2 विकेट लिए। एक अन्य मुकाबले में टीम ए ने टीम सी को एक विकेट से रोमांचक शिकस्त दी। टीम सी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 194 रन बनाए। शहबाज खान ने 52, शुभम गढ़वाल ने 47 तथा आदित्य, सलमान और दिव्य ने 25-25 रन का योगदान दिया। टीम ए की ओर से अराफात खान, कन्हैया लाल स्वामी, भारत और भूराराम ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ए ने 9 विकेट खोकर 195 रन बनाते हुए जीत हासिल की। अभिजीत तोमर ने 53, शरद जोशी ने 44 और भवित कुमावत ने 40 रन बनाए, जबकि भूराराम 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

दिल्ली की जहरीली हवा के आगे झुका बीसीसीआई, 13 दिसंबर को होने वाला भारत श्रीलंका वनडे मैच विशाखापत्तनम शिफ्ट

नई दिल्ली, 5 नवंबर। श्रीलंका के भारत की आगामी होम सीरीज का पहला जनवरी मैच दिल्ली से विशाखापत्तनम ट्रांसफर कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इस बदलाव की पुष्टि की। 13 दिसंबर को होने वाला यह मैच सबसे पहले अरुणा स्टेडियम में खेला जाएगा, अब विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। डीडीसीए ने बीसीसीआई से संपर्क करके वेन्यू (स्थान) बदलने का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि दिसंबर में दिल्ली में होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान, स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्यों और खराब मौसम की संभावनाओं के कारण वे इस मैच की मेजबानी करने में असमर्थ हैं। एसोसिएशन को चिंता थी कि अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे काम और मौसम की वजह से आ सकने वाली रुकावटों के कारण, मैच के आयोजन में दिक्कतें आ सकती हैं। इसके बाद बीसीसीआई ने इस अनुरोध को मान लिया और सीरीज के पहले मैच के लिए विशाखापत्तनम को नया वेन्यू तय कर दिया। दिसंबर 2026 में भारत के दौरे पर श्रीलंका की टीम तीन वनडे और तीन टी 20 मैच खेलेगी। पहले वनडे को विशाखापत्तनम शिफ्ट कर दिया गया है, जबकि बाकी पांच मैच पहले से तय जगहों पर ही खेले जाएंगे। तीन मैचों की वनडे सीरीज 13 दिसंबर से शुरू होगी, जिसके बाद 22 दिसंबर से टी 20 सीरीज खेली जाएगी।

रणजी में राजस्थान-हिमाचल मुकाबला ड्रॉ, पहली पारी में हिमाचल को बढ़त

अंडर-23 अंडर ट्रॉफी में राजस्थान ने बिहार को फॉलोऑन खिलाया, हनी प्रताप सिंह ने झटके छह विकेट

जयपुर, 5 नवंबर। धर्मशाला में मेजबान हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के बीच खेला गया रणजी ट्रॉफी मुकाबला अंतिम दिन ड्रॉ समाप्त हुआ। पहली पारी में बढ़त के आधार पर हिमाचल प्रदेश को अंक मिले। राजस्थान रणजी टीम के मीडिया मैनेजर मनीष शर्मा के अनुसार राजस्थान ने पहली पारी में 78 रन बनाए थे, जिसके जवाब में हिमाचल ने 153 रन बनाकर 75 रन की बढ़त हासिल की।

राजस्थान ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 521 रन बनाकर पारी घोषित की। इस तरह हिमाचल को जीत के लिए बड़ा लक्ष्य मिला। अंतिम दिन हिमाचल के कप्तान ने शतकीय पारी खेलकर टीम को हार से बचाया। हिमाचल ने खेल समाप्ति तक दूसरी पारी



में 7 विकेट पर 313 रन बनाए और मुकाबला ड्रॉ रहा।

राजस्थान की ओर से दूसरी पारी में अनिकेत चौधरी ने 63 रन देकर 3, दानिश भाम्भू ने 69 रन देकर 3 तथा साहिल दीवान ने 85 रन देकर 1 विकेट लिया। राजस्थान की ओर से बल्लेबाजी में रोहन राजभर ने शानदार शतक लगाया, जबकि महिपाल लोमरोड़, कुणाल सिंह राठौड़, विशाल हर्ष और कार्तिक शर्मा ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। गेंदबाजी में साहिल दीवान ने पहली पारी में 5 सहित मैच में कुल 6 विकेट, अनिकेत चौधरी ने 6 तथा दानिश भाम्भू ने 5 विकेट हासिल किए।

अंडर-23 में राजस्थान ने बिहार को फॉलोऑन खिलाया



जयपुर में राजस्थान और बिहार के बीच खेली जा रही अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी के मुकाबले के तीसरे दिन राजस्थान ने पहली पारी में 8 विकेट पर 552 रन बनाकर घोषित की। इसके जवाब में बिहार की टीम पहली पारी में 246 रन पर सिमट गई। इस तरह राजस्थान ने 306 रन की बढ़त हासिल कर बिहार को फॉलोऑन खेलने पर मजबूर कर दिया। राजस्थान के गेंदबाज हनी प्रताप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 47 रन देकर 6 विकेट झटके।

उनके अलावा अंकित कुमार, अभिषेक मूंड, नावेद खान और करण सिंह ने 1-1 विकेट लिया। फॉलोऑन खेलते हुए बिहार ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 3 विकेट पर 186 रन बना लिए थे। राजस्थान की ओर से अभिषेक मूंड ने 60 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। मुकाबले के चौथे दिन राजस्थान की नजरें शेष विकेट हासिल कर जीत दर्ज करने पर रहेंगी।

नारायणा और जयपुरिया एकेडमी की जीत

जयपुर, 5 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में नारायणा एकेडमी ने कैंडलविक एकेडमी को 8 विकेट से तथा जयपुरिया एकेडमी ने राजस्थान यूथ एकेडमी को 6 विकेट से हराया। आरजे-14 ग्राउंड पर खेले गए पहले मुकाबले में कैंडलविक एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्सव शर्मा के 56, कौशलेन्द्र टिकियावल के 52 और आरव शर्मा के 39 रनों की मदद से 42 ओवर में 192 रन बनाए।